संसद सदस्यों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 14 नवम्बर, 2016: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व में आज संसद सदस्यों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

केन्द्रीय गृह मंत्री, श्री राजनाथ सिंह; केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री, श्री अरुण जेटली; केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री, आवासन और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री और सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री एम वेंकैया नायडू; केन्द्रीय रसायन और ऊर्वरक मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री, श्री अनंत कुमार; राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष, श्री गुलाम नबी आज़ाद; राज्य सभा के उप सभापति, प्रो पी. जे. कुरियन; पूर्व उप प्रधान मंत्री और आचार समिति के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी; संसद सदस्यों; पूर्व संसद सदस्यों; लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शैरिफ तथा लोक सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की ।